# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

दिनांक:**24.09.2096** समय: **07.10PM**

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सेवा संकल्प अभियान के सेवा यात्रियों से संवाद किया ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज **106** पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में आधुनिक मेस सुविधाओं का किया लोकार्पण।
- मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी कल भोपाल में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का शुभारम्भ करेंगे।
- एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन, निशानेबाजी में कांस्य और वुशू में रजत पदक हासिल किया।

**प्रधानमंत्री-** सेवा संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जीवन का मुख्य उद्देश्य सेवा हर व्यक्ति में स्वाभाविक रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में भी, सर्वोच्च पद पर पहुंचने के बाद सेवा ही मार्गदर्शक सिद्धांत रहना चाहिए। प्रधानमंत्री आज वडनगर से वाराणसी तक यात्रा कर रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-किसान और पीएम सूर्य घर योजना जैसी अनेक योजनाओं की पहचान अंतिम छोर तक पहुंचने वाली सेवाओं के रूप में बनी है।_

श्री मोदी ने कहा कि सेवा की भावना से ही चार करोड़ गरीब परिवारों को पक्के मकान मिल सके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सेवा की भावना देश की नीतियों में शामिल होती है, तो ऐसी योजनाएं सामने आती हैं, जिनसे **25** करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकलने में मदद मिली है।

**सेवा संकल्प अभियान- प्रदेश**

प्रदेश भर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक, बौद्धिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। **खंडवा** में जिला स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। **मंदसौर** में नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुतियां दीं गई । वहीं, **मुरैना** और **नर्मदापुरम** भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 106 पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में निर्मित आधुनिक मेस सुविधाओं का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में मेस सुविधा शुरू की गई है। इससे प्रदेश के करीब 9 हजार छात्र-छात्राओं को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और बेहतर भोजन की सुविधा मिलेगी।

**मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कल भोपाल के भेल दशहरा मैदान में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर दोनों नेता सात शहरों की 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें इंदौर ,भोपाल, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड की बसें शामिल हैं। इस सेवा के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच बस कनेक्टिविटी मजबूत करने तथा प्रदेश की 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक परिवहन सेवा का विस्तार करने का लक्ष्य है। योजना के तहत पहले वर्ष में 1 हजार 500 बसें संचालित की जाएंगी और वर्ष 2031 तक इनकी संख्या 15 हजार करने का लक्ष्य रखा गया है। बसों में सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग और पैसेंजर इन्फॉरमेशन सिस्टम जैसी सुविधाएं होंगी, जबकि इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए बसों की रियल टाइम निगरानी की जाएगी।

**विशेष खबर- सेवा संकल्प अभियान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के पच्चीस वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनसेवा से देशसेवा के मंत्र के साथ शुरू हुआ यह सफर आज भी जारी है। इसी क्रम में आदिवासी बाहुल्य उमरिया जिले में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, इस श्रृखला में आज हम बात करेंगे पीएम जनमन योजना की।

पेश है एक रिपोर्ट

**बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम**

प्रदेश में हरित ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कल नई दिल्ली में बिरसिंहपुर 200 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लस बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम परियोजना पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे परियोजना और प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर जानकारी देंगे। कार्यक्रम में निवेशकों और अन्य हितधारकों के साथ प्रश्नोत्तर एवं परामर्श सत्र भी होगा। यह आयोजन ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को सामने रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की 138वीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क के साथ-साथ आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

**प्रशिक्षण**

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत युवाओं को ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण दिया जाएगा। कंपनी ने विभिन्न कार्यालयों और विद्युत गृहों में प्रशिक्षण के लिए 559 पद उपलब्ध कराए हैं। प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष होगी और पात्र प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिमाह 8 से 10 हजार रुपये तक स्टाइपेंड दिया जाएगा। इसके लिए मध्यप्रदेश के 18 से 29

वर्ष आयु के स्थानीय निवासी, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया **23** सितंबर से शुरू हो चुकी है और इच्छुक अभ्यर्थी **15** अक्टूबर तक मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**शैक्षणिक भ्रमण**

प्रदेश के विद्यार्थियों का **630** सदस्यीय दल **27** सितंबर को शैक्षणिक भ्रमण के लिए अहमदाबाद रवाना होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। दल में करीब **520** विद्यार्थी, **104** शिक्षक और **6** नियंत्रण अधिकारी शामिल हैं।

**एशियाई खेल-1800**

जापान एशियाई खेलों में आज अनंतजीत सिंह और पारीनाज़ धालीवाल ने निशानेबाजी के मिक्स्ड टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। रोशिबिना देवी ने वुशू के **60** किलो सांडा स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। सतनाम सिंह और सलमान खान ने नौकायन की डबल स्कल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स में **जय कुमार, अंशा बाबू, मानु टी.एस.** और **रशदीप कौर की पुरुष मिक्स्ड टीम** ने **4x400** के फाइनल में और **अनिमेष कुजुर और गुरिंदरवीर सिंह** ने **100** मीटर दौड के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय पुरुष और **महिला** कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

**मुख्यमंत्री-एशियन गेम्स**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन गेम्स-**2026** में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने मार्शल आर्ट की महिलाओं की **60** किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने पर नाओरेम रोशिबिना देवी तथा पुरुषों के डबल स्कल्स इवेंट में कांस्य पदक जीतने पर सतनाम सिंह और सलमान खान को शुभकामनाएं दीं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- भोपाल में पेट्रोल पंपों पर ईंधन की गुणवत्ता और उपभोक्ता सुविधाओं की जांच के लिए प्रशासन ने व्यापक जांच अभियान तेज कर दिया है।
- मंदसौर जिले के सीतामऊ में 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' के अंतर्गत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'उद्यम संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- राजगढ़ में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत **27** सितंबर को निकलने वाली वड़नगर से वाराणसी मोटर साइकिल यात्रा की तैयारियों का राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पंवार ने निरीक्षण किया।
- नीमच ज़िले में **25** सितंबर को होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाओं के कड़े निर्देश जारी किए हैं।
- झाबुआ ज़िले में अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने **25** सितंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।
- मुरैना जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जौरा में सत्र **2027-28** के तहत कक्षा **9**वीं और **11**वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसकी अंतिम तिथि **30** सितंबर है।
- कटनी कलेक्टर ने 'कटनी मार्बल' की ब्रांडिंग और जीआई **(GI)** टैगिंग के लिए मार्बल एसोसिएशन गठित कर आवेदन करने के निर्देश दिए है ।
- शिवपुरी जिले के पोहरी अनुभाग अंतर्गत ग्राम छर्च में शासकीय विद्यालय के पास से अवैध अतिक्रमण हटाया गया।
- आगर मालवा ज़िले में 'युवा आपदा मित्र योजना' के अंतर्गत नामांकित **125** आपदा मित्रों का सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

...............................